प्रो0 राजीव कुमार

परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०**

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/449 दिनांकः20 अक्टूबर, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

सन्दर्भः **विश्वविद्यालयद्वारा निर्गत पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6450 दिनांक 31 दिसम्बर, 2022**

विषयः उपरोक्त पत्र से आच्छादित शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले ऐसे कतिपय छात्र/छात्रायें जिनका पूर्व सत्र का परीक्षा परिणाम अपूर्ण अथवा तद्दिनांक घोषित नहीं हो सका था को परीक्षा समिति में लिये गये निर्णयानुसार आच्छादित छात्रों के संस्थान के माध्यम से भरे गये परीक्षा फार्म के अनुसार प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालयद्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/392 दिनांक 16 सितम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र क्रम में अवगत करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6450 दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 से आच्छादित छात्र/छात्राओं के भरे गये फार्म के अनुसार **लिखित परीक्षायें दिनांक 05 अक्टूबर, 2023 से दिनांक 14 अक्टूबर, 2023** तक सम्पन्न कराई जा चुकी है।

उक्त से आच्छादित छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा निम्नानुसार दिनांक 21 से 27 अक्टूबर, 2023 तक सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

- Conduct the practical examination of those candidates listed (as in circular dated 16th September 2023) for practical examinations of concerned by appointing an external examiner duly apporved by coe office (email id: coeoffice@aktu.ac.in) .
- Submit the award sheet as well as attendance sheet duly signed by both the examiners (internal as well as external) and countersigned by the Head of the Institutions to the University.

उक्त प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के प्राप्तांको की हस्ताक्षरित हार्ड कापी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में **दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 तक** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए यथा समय आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

20/10/2023

**(प्रो0 राजीव कुमार)**

परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

**(प्रो0 राजीव कुमार)**

परीक्षा नियंत्रक